कार्यालय वनमंडलाधिकारी उत्तर बैतूल (सा0) वनमंडल

07141–234204(कार्यालय), E-Mail -- dfotnbetul@mp.gov.in

क्रमांक/मा0चि0/2021 / 7567 बैतूल, दिनांक/ 25/11/2021

प्रति,

कार्यपालन यंत्री,
नर्मदा विकास संभाग क्रमांक - 23, 59
अरेरा हिल्स , नर्मदा भवन ,
भोपाल (म.प्र.)

विषय :- मोरण्ड - गंजाल संयुक्त परियोजना से प्रभावित वन क्षेत्र के लिये वन -व्यपवर्तन प्रकरण (प्रथम चरण) भाग - 2

संदर्भ :- 1- अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू-प्रबंध) म.प्र. भोपाल का पत्र क्रमांक / एफ-3 / 16/ 2018/ 10-11 / 3387 दिनांक 07.10.2021

2- मुख्य वन संरक्षक बैतूल वृत्त बैतूल का पृ. पत्र क्रमांक / 4070 दिनांक 11.10.2021

-00--

विषयांतर्गत अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू-प्रबंध) म.प्र. भोपाल के संदर्भित पत्र के तारतम्य में लेख है कि मोरण्ड - गंजाल संयुक्त परियोजना से प्रभावित वन क्षेत्र के लिये वन -व्यपवर्तन प्रकरण में वनमंडल स्तर से भाग - 2 की ऑनलाईन पूर्ति हेतु मौके पर वृक्षों की गणना एवं संयुक्त स्थल निरीक्षण के संबंध में परिक्षेत्र अधिकारी भौंरा (सा.) का प्रतिवेदन वनमंडल कार्यालय को प्राप्त हुआ है , जिसके अनुसार आवेदित स्थल की लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व की गई मार्किंग स्पष्ट नहीं होने के कारण खड़े वृक्षों की गणना का कार्य नहीं किया जा पा रहा है | उक्त आवेदित वनक्षेत्र में एरियल / फिल्ड सर्वे की अनुमति मुख्य वन संरक्षक बैतूल के पत्र क्रमांक / 1310 दिनांक 07.03.2020 (छायाप्रति संलग्न है) से आपको दी जा चुकी है |आवेदक विभाग से प्रतिनिधी उपस्थित नहीं होने के कारण वृक्षों की गणना एवं संयुक्त स्थल निरीक्षण कार्य नहीं किया जा सका है |

अत: आवेदित कक्षों का संयुक्त स्थल निरीक्षण एवं खड़े वृक्षों की गणना का कार्य वन विभाग के संबंधित अधिकारी / कर्मचारियों के साथ किये जाने हेतु संबंधित अधिकारी / कर्मचारी को निर्देशित करें |

संलग्न :- उपरोक्तानुसार |

वनमण्डलाधिकारी
उत्तर बैतूल (सा0) वनमण्डल

पृ.क्रं./मा.चि./2021/ 7568 बैतूल/ दिनांक/ 25/11/2021

प्रतिलिपि :- 1- अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू-प्रबंध) म.प्र. भोपाल की ओर आपके संदर्भित पत्र के तारतम्य में सूचनार्थ सम्प्रेषित |

2- मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त बैतूल की ओर आपके संदर्भित पत्र के तारतम्य में सूचनार्थ सम्प्रेषित |

3- उपवनमंडलाधिकारी शाहपुर (सा.) / परिक्षेत्र अधिकारी भौंरा (सा.) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित |

वनमण्डलाधिकारी
उत्तर बैतूल (सा0) वनमण्डल